## रामजानकी मार्ग में फोरलेन मशरख-चकिया-भिट्ठा मोड़ अलाइनमेंट को मंजूरी

# केंद्र से गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे मंजूर

संवाददाता, पटना

**केंद्र** सरकार ने सिक्सलेन गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे सहित रामजानकी मार्ग में फोरलेन मशरख-चकिया-भिट्ठा मोड़ अलाइनमेंट की मंजूरी दे दी है. गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 525.6 किमी है, इसमें से बिहार में 417 किमी का निर्माण होगा. इसकी लागत 27522 करोड़ रुपये है. वाराणसी-कोलकत्ता एक्सप्रेस-वे व पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे की मंजूरी के बाद यह बिहार का तीसरा एक्सप्रेस-वे है जिसकी मंजूरी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दी है. इस सड़क की स्पीड 120 किमी प्रतिघंटा होगी. सिक्सलेन गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे राज्य के आठ जिलों पश्चिमी व पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज से गुजरेगी. इसकी लागत 66 करोड़ रुपये प्रति किमी होगी. सड़क बनने से उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल की यात्रा में लगने वाला समय और यात्रा खर्च में बचत होगी. इन सड़क परियोजनाओं की मंजूरी पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने पीएम नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया है.

## बिहार में 251 किमी लंबा होगा रामजानकी मार्ग

राज्य में रामजानकी मार्ग में मशरख से चकिया और चकिया से भिट्ठा मोड़ सड़क को फोरलेन बनाने की मंजूरी केंद्र सरकार ने दी है. रामजानकी मार्ग में उत्तर प्रदेश में छावनी से मेहरौना घाट होते हुए नेपाल सीमा पर स्थित भिट्ठा मोड़ तक सड़क बन रही है. उत्तर प्रदेश में रामजानकी मार्ग की लंबाई 185.5 किमी और बिहार में 251 किमी है. इस परियोजना की अनुमानित लागत 7269 करोड़ रुपये है. इस सड़क की डिजाइन स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा है. इसमें मशरख से भिट्ठा मोड़ के बीच 103 किमी हरितक्षेत्र में और लगभग 42 किमी वर्तमान अलाइनमेंट पर सड़क बनेगी. इस सड़क में डुमरसन, केसरिया, चकिया - मधुबन, नया गांव - शिवहर, बथनाहा - कुमहां और सुरसंड में बाइपास बनेगा. 21.6 किमी की लंबाई में गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे और रामजानकी मार्ग का अलाइनमेंट साथ-साथ चलेगा. इसके लिए 521.44 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा. इसकी लागत 2731 करोड़ है. इस परियोजना में सात बड़े पुल, 43 छोटे पुल, छह भाया डक्ट, छह आरओबी और 28 वीयूपी का निर्माण होगा.